# ICSE Solved Paper 2022 Semester-1
# HINDI
# Class-X

*(Maximum Marks : 40)*

*(Time allowed : One and a half hours)*

---

***SECTION A** is compulsory.*

*In SECTION B questions from any two books that you have studied to be answered.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [].*

---

| **SECTION A** | **(20 marks)** |
|---|---|

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

थामस अल्वा एडिसन एक महान् आविष्कारक थे। आज भी पूरी दुनिया इनके आविष्कारों का लोहा मानती है। अल्बर्ट आइंस्टीन जैसे चोटी के वैज्ञानिक भी इनके बहुत बड़े प्रशंसक थे। एडिसन बचपन में ही बहरे हो गए थे, लेकिन इस कमी का उन्हें कभी एहसास नहीं हुआ। उल्टा इसे उन्होंने वरदान ही माना। जीवनभर वह अनुसंधान करते रहे। बिजली का बल्ब, ग्रामोफ़ोन, वोट रिकॉर्डर, चलचित्र कैमरा जैसे 2,500 आविष्कारों से उन्होंने मानव को सुख-समृद्धि प्रदान की।

पोर्टहरन से डेट्रायट तक रेलगाड़ी के डिब्बे में सब्ज़ी बेचने, अखबार निकालने से लेकर टेलीग्राफ ऑपरेटर के रूप में अपनी जीवन-यात्रा शुरू करने वाले एडिसन दुनिया भर में अपने आविष्कारों के लिए चर्चित हुए। उनका कहना था कि-"बहरेपन ने मुझे गपशप के आनन्द से वंचित कर दिया पर इसकी मुझे खुशी ही है। रात को जिस होटल में मैं खाना खाने जाता, वहाँ जब दूसरे लोग गपशप में लगे होते, मैं अपनी समस्याओं के बारे में सोचता रहता। यदि मैंने भी वे सब फ़िज़ूल की बातें और आवाज़ें सुनी होतीं जो सामान्य आदमियों को सुननी पड़ती हैं तो शायद आज मुझमें इतना मनोबल न होता।" इस तरह से एडिसन ने बहरेपन के अभिशाप को वरदान में परिवर्तित कर दिखाया।

**(i) बचपन से ही एडिसन को किस समस्या का सामना करना पड़ा था? [1]**

(a) बहरेपन की समस्या का
(b) गूंगेपन की समस्या का
(c) लंगड़ेपन की समस्या का
(d) अंधेपन की समस्या का

**(ii) कौन-से एक जाने-माने वैज्ञानिक थामस अल्वा एडिसन के बहुत बड़े प्रशंसक थे? [1]**

(a) न्यूटन (b) अल्बर्ट आइन्स्टीन
(c) मारकोनी (d) चार्ल्स डार्विन

**(iii) निम्न में से कौन-सा आविष्कार एडिसन के द्वारा नहीं किया गया था? [1]**

(a) बिजली का बल्ब (b) चलचित्र कैमरा
(c) ग्रामोफ़ोन (d) टेलिफ़ोन

**(iv) एडिसन के जीवन के शुरुआती दौर में कौन-सा कार्य उनके द्वारा किया गया था? [1]**

(a) दूध बेचने का कार्य
(b) गाड़ी चलाने का कार्य
(c) सब्ज़ी बेचने का कार्य
(d) बागवानी का कार्य

**(v) एडिसन दुनिया भर में क्यों चर्चित हुए? [1]**

(a) लेखन प्रतिभा के कारण
(b) रेलगाड़ी के डिब्बे बनाने के कारण
(c) अपने आविष्कार के कारण
(d) अख़बार निकालने के कारण

**(vi) एडिसन को किस बात की खुशी होती थी? [1]**

(a) धन कमाने की खुशी?
(b) नाम कमाने की खुशी
(c) गपशप के आनंद से वंचित होने की खुशी
(d) घूमने-फिरने के आनंद से वंचित होने की खुशी

**(vii) जब होटल में खाना खाते समय लोग बातों में लगे रहते थे तब एडिसन क्या किया करते थे? [1]**

(a) क्रोधित हो जाया करते थे
(b) अख़बार पढ़ा करते थे
(c) कविताएँ लिखा करते थे
(d) अपनी समस्याओं के बारे में सोचा करते थे

**(viii) एडिसन के कार्यों से सम्पूर्ण मानव-जाति को क्या प्राप्त हुआ?** **[1]**

(a) धन-दौलत
(b) सुख-समृद्धि
(c) शांति और सहयोग
(d) आचार-विचार की शुद्धता

**(ix) 'एडिसन जीवनभर अनुसंधान करते रहे।' इस कथन के माध्यम से उनकी कौन-सी विशेषताएँ स्पष्ट होती हैं?** **[1]**

(a) मेहनत और लक्ष्य के लिए समर्पण
(b) सादगी और चतुराई
(c) परोपकार और अहिंसा
(d) सहनशक्ति और ईश्वर भक्ति

**(x) किस शक्ति के बल पर एडिसन ने अपनी एक शारीरिक कमी के अभिशाप को वरदान में बदल कर दिखा दिया था?** **[1]**

(a) धनबल (b) भुजबल
(c) मनोबल (d) तपबल

**उत्तर** (i) विकल्प (a) सही है।
(ii) विकल्प (b) सही है।
(iii) विकल्प (d) सही है।

**व्याख्या—** टेलीफ़ोन का आविष्कार स्कॉटिश वैज्ञानिकअलेक्ज़ेंडर ग्राहम बेल ने 2 जून 1875 में किया था।

(iv) विकल्प (c) सही है।
(v) विकल्प (c) सही है।
(vi) विकल्प (c) सही है।

**व्याख्या—** एडिसन को गपशप के आनंद से वंचित होने की खुशी इसलिए महसूस होती थी क्योंकि जब सब वार्तालाप का आनंद ले रहे होते थे तब वह निरंतर अपनी समस्याओं के बारे में सोचा करते थे ताकि उनका समाधान निकाला जा सके।

(vii) विकल्प (d) सही है।
(viii) विकल्प (b) सही है।
(ix) विकल्प (a) सही है।
(x) विकल्प (c) सही है।

**व्याख्या—** मनोबल एक ऐसी शक्ति है जो साधारण को असाधारण में बदलने की क्षमता रखती है। यही कारण था कि एडिसन ने अपनी कमी को अभिशाप के बदले वरदान समझा और असाधारण कर्म और व्यक्तित्व के धनी बने तथा समाज को अपने कार्यों से समृद्ध किया।

**2. विलोम शब्द**

**(i) 'अपव्ययी' शब्द का विलोम बताइए:** **[1]**

(a) अव्ययी (b) व्ययी
(c) मितव्ययी (d) कुव्ययी

**(ii) 'उत्तम' शब्द का पर्यायवाची शब्द बताइए:** **[1]**

(a) अच्छा (b) उचित
(c) श्रेष्ठ (d) उपयुक्त

**(iii) 'पत्थर' शब्द का विशेषण शब्द बताइए:** **[1]**

(a) पथरीला (b) पत्थरी
(c) पत्थरीला (d) पथरेला

**(iv) 'मधुर' शब्द की भाववाचक संज्ञा बताइए:** **[1]**

(a) मीठा (b) मिठास
(c) मधुबन (d) मधुरता

**(v) 'उपलब्धी' शब्द का शुद्ध रूप बताइए:** **[1]**

(a) उपालब्धी (b) उपलब्धि
(c) उप्लब्धि (d) उप्लब्धी

**(vi) "ईद का चाँद होना"** **[1]**

(a) बहुत सुन्दर होना
(b) गायब हो जाना
(c) बहुत बड़ा होना
(d) बहुत दिनों बाद दिखना

**(vii) 'पन्द्रह दिन में एक बार होने वाला' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है:** **[1]**

(a) निष्पक्ष (b) पक्षपाती
(c) पाक्षिक (d) पक्षधर

**(viii) 'बालिका' का बहुवचन रूप है:** **[1]**

(a) बालिका (b) बालिकागण
(c) बालाएँ (d) बालिकाएँ

**(ix) माँ ने खाना बनाया (नहीं शब्द का प्रयोग करें लेकिन अर्थ न बदले):** **[1]**

(a) माँ ने खाना नहीं बनाया
(b) क्या, माँ ने खाना नहीं बनाया?
(c) माँ ने खाना बनाने से इंकार नहीं किया
(d) नहीं, माँ खाना बनाएगी

**(x) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन करें।**

'भारत ने नया उपग्रह छोड़ा।' ('द्वारा' शब्दों का प्रयोग करें।): **[1]**

(a) भारत द्वारा उपग्रह छोड़ा है।
(b) भारत द्वारा नया उपग्रह छोड़ा गया।
(c) भारत द्वारा नया उपग्रह छोड़ा जाएगा।
(d) जो उपग्रह छोड़ा गया वह भारत द्वारा ही भेजा गया है।

**उत्तर** (i) विकल्प (c) सही है।
(ii) विकल्प (c) सही है।
(iii) विकल्प (a) सही है।

**व्याख्या—** अन्य तीनों में पथरी रोग का नाम, पत्थरीला अशुद्ध शब्द तथा पथरेला शब्द व्याकरण की दृष्टि से गलत शब्द है।

**(iv)** विकल्प **(d)** सही है।

**व्याख्या—** मीठा विशेषण व मिठास भाववाचक संज्ञा तथा मधुबन का अर्थ बगीचा होता है।

**(v)** विकल्प **(b)** सही है।

**(vi)** विकल्प **(d)** सही है।

**व्याख्या—** अन्य **(a) (b) (c)** अन्य मुहावरे का अर्थ हो सकते हैं क्योंकि ईद का त्योहार चाँद देखकर ही मनाया जाता है। जो बहुत दिनों के बाद दिखाई देता है इसलिए सटीक अर्थ विकल्प **(d)** होगा।

**(vii)** विकल्प **(c)** सही है।

**व्याख्या—** पक्षधर पक्षपाती दोनों का अर्थ समान होता किसी के साथ भेदभाव करना व निष्पक्ष का अर्थ भेदभाव रहित होता है।

**(viii)** विकल्प **(d)** सही है।

**(ix)** विकल्प **(c)** सही है।

**(x)** विकल्प **(b)** सही है।

## SECTION B (20 marks)

*(Answer all questions from any of the two books that you have studied.)*

**साहित्य सागर - संक्षिप्त कहानियाँ**

**3. (i)** 'यह इंसाफ नहीं अंधेर है। सिर्फ़ एक अठन्नी की ही बात थी' इस कथन का वक्ता कौन है? **[1]**

**(a)** दासी **(b)** बाबू जगतसिंह
**(c)** रसीला **(d)** रमज़ान

**(ii)** 'हुज़ूर मेरा पहला अपराध है। एक बार माफ़ कर दीजिए।'-कथन के वक्ता और श्रोता कौन हैं? **[1]**

**(a)** रमज़ान (वक्ता) और इंजीनियर बाबू (श्रोता)
**(b)** रसीला (वक्ता) और इंजीनियर बाबू (श्रोता)
**(c)** रसीला (वक्ता) और शेख सलीमुद्दीन (श्रोता)
**(d)** रसीला (वक्ता) और पुलिस वाला (श्रोता)

**(iii) भोला सकपका कर एक ही डाँट में...................... हो गया। 'काकी' नामक कहानी के आधार पर रिक्त स्थान में उचित शब्द चुनें।** **[1]**

**(a)** हतबुद्धि **(b)** मुखबिर
**(c)** बेहोश **(d)** सचेत

**(iv) 'काकी' कहानी का प्रमुख संदेश क्या है?** **[1]**

**(a)** एक बच्चे के खेलने के शौक को समझना
**(b)** एक बच्चे के पंतग उड़ाने के जोश को समझना
**(c)** एक बच्चे के माँ के खोने के दर्द को समझना
**(d)** एक बच्चे की पढ़ाई न करने की आदत को समझना

**(v) मैंने तो बरसों से कोई यज्ञ नहीं किया। मेरी स्थिति ही ऐसी नहीं थी।'- यहाँ सेठ जी अपनी किस स्थिति की बात कर रहे हैं?** **[1]**

**(a)** अपनी बीमारी की
**(b)** अपनी ग़रीबी की
**(c)** अपने शौक की
**(d)** अपनी दुकान की

**(vi) धन्ना सेठ की पत्नी के पास कौन सी शक्ति थी?** **[1]**

**(a)** देवी शक्ति **(b)** दानवी शक्ति
**(c)** तांत्रिक शक्ति **(d)** दैवी शक्ति

**(vii) सेठ का स्वभाव कैसा था?** **[1]**

**(a)** विनयशील और अनुदार
**(b)** कर्त्तव्यपरायण और क्रोधी
**(c)** लोभी और कृपण
**(d)** विनम्र और उदार

**(viii) 'नेताजी का चश्मा' नामक पाठ में हालदार साहब को पान वाले की कौन-सी बात अच्छी नहीं लगी थी?** **[1]**

**(a)** पान वाले का बहुत बोलना
**(b)** पान वाले का अधिक पान खाना
**(c)** एक देशभक्त का मज़ाक उड़ाना
**(d)** पान वाले का अपनी ही दुकान के नीचे पान थूकना

**(ix) जिस कस्बे से हालदार साहब गुज़रते थे वह कैसा था?** **[1]**

**(a)** कस्बा बहुत बड़ा नहीं था
**(b)** उद्योग धंधों से युक्त था
**(c)** अत्यधिक विकसित था
**(d)** बहुत बड़ा था

**(x) 'नेता जी का चश्मा' कहानी के अंत में हालदार साहब ने नेता जी की मूर्ति पर कैसा चश्मा देखा?** **[1]**

(a) सुनहरे फ्रेम वाला गोल चश्मा
(b) पतले तार वाला गोल चश्मा
(c) सरकंडे से बना छोटा सा चश्मा
(d) काले रंग का चौड़े फ्रेम वाला चश्मा

**उत्तर (i)** विकल्प (d) सही है।

**व्याख्या—** रमजान ने यह वाक्य दासी के पूछने पर कहा था क्योंकि रसीला को अठन्नी चुराने व सच बोलने की सज़ा छः महीने हुई थी जिससे वह नाराज़ व गुस्से में था।

**(ii)** विकल्प (c) सही है।

**व्याख्या—** रसीला ने अपना अपराध स्वीकार लिया था मजिस्ट्रेट के सामने वह क्षमा याचना करने लगा क्योंकि वह उसकी भूल थी।

**(iii)** विकल्प (b) सही है।

**व्याख्या—** विश्वेश्वर जी के डाँट कर पूछने पर भोला ने डर के मारे 1 रुपया कोट से श्यामू द्वारा निकाले जाने की बात को मान लिया

**(iv)** विकल्प (c) सही है।

**व्याख्या—** काकी की मृत्यु के बाद श्यामू का अंतर्मन शोक से संतप्त था और बालपन अपनी माँ से मिलने को आतुर होने के कारण लोगों द्वारा रामजी के पास से अपनी माँ को वापस लाने हेतु पतंग की डोर को मज़बूत करने की कामना से पिता के कोट से पैसे निकालना उसकी वेदना को प्रदर्शित करता है।

**(v)** विकल्प (b) सही है।

**व्याख्या—** धन्ना सेठ की पत्नी द्वारा यह कहे जाने पर कि अगर आप अपना महायज्ञ बेचने को तैयार हैं, तो हम उसे खरीदेंगे वरना यज्ञ खरीदने में हमारी कोई रुचि नहीं है। यह बात सेठजी को समझ न आई और तब उन्होंने यह कथन उद्‌गारित किए।

**(vi)** विकल्प (a) सही है।

**(vii)** विकल्प (d) सही है।

**(viii)** विकल्प (c) सही है।

**व्याख्या—** हालदार साहब को पानवाले के द्वारा एक देशभक्त (कैप्टन) का मज़ाक उड़ाना अच्छा नहीं लगा। पानवाले ने उसकी देशभक्ति और भावना का ख्याल न करके उसे (कैप्टन) पागल और लँगड़ा कहा ।

**(ix)** विकल्प (a) सही है।

**व्याख्या—** हालदार साहब जिस कस्बे से गुज़रते थे वह बड़ा नहीं था किंतु विकसित अवश्य था। वहाँ कुछ ही पक्के मकान थे। एक बाज़ार भी था। स्कूल, कारखाना और दो सिनेमाघर भी थे।

**(x)** विकल्प (c) सही है।

**व्याख्या—** कैप्टन की मृत्यु के पश्चात् हालदार साहब ने अपने ड्राइवर से पानवाले के यहाँ गाड़ी को न रोकने की बात कही थी क्योंकि वे सुभाष चंद्र जी की आँखों पर चश्मा न देख पाएँगे, किंतु बरबस वहाँ से गुज़रते हुए उनकी नज़र मूर्ति पर पड़ती है तब उनकी आँखों पर सरकंडे से बना चश्मा लगा देख उनकी आँखें भर आती हैं।

### साहित्य सागर - पद्य भाग
### (Sahitya Sagar - Poem)

**4. (i) कबीरदास जी के गुरु का नाम क्या था? [1]**

(a) रामानंद (b) सदानंद
(c) शिवानंद (d) नरहरिदास

**(ii) कबीरदास जी के दोहे में 'सांकरी' शब्द का अर्थ क्या है? [1]**

(a) तंग (b) संकल
(c) संकल्प (d) चौड़ा

**(iii) गिरिधर कवि ने किन्हें अपनी कविता का विषय बनाया? [1]**

(a) नीति, वैराग्य और अध्यात्म को
(b) श्रृंगार एवं वात्सल्य को
(c) ईश्वर के निराकार रूप को
(d) भारत के गरिमापूर्ण अतीत को

**(iv) 'कह गिरिधर कविराय, जगत यही लेखा भाई। करता बेगरजी प्रीति, यार बिरला कोई साँई।' - इस दुनिया में कैसे लोग आसानी से नहीं मिलते? [1]**

(a) निःस्वार्थ भाव से प्यार करने वाले
(b) बड़ों का सम्मान करने वाले
(c) बुज़ुर्गों की परवाह करने वाले
(d) देश के लिए बलिदान करने वाले

**(v) 'स्वर्ग बना सकते हैं' कविता किस प्रसिद्ध कवि की रचना है? [1]**

(a) सोहन लाल द्विवेदी
(b) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(c) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(d) सुभद्रा कुमारी चौहान

**(vi) मनुष्य को बाधा रहित विकास के लिए किस बात की आवश्यकता होती है? 'स्वर्ग बना सकते हैं' कविता के आधार पर बताइए: [1]**

(a) कर्त्तव्य विमुख जीवन
(b) आशंकाओं से मुक्त जीवन
(c) मुक्त बाधाओं का जीवन
(d) मुक्त प्रकाश का जीवन

**(vii) रामधारी सिंह दिनकर जी को ज्ञानपीठ पुरस्कार उनकी किस रचना पर मिला था?** **[1]**

(a) उर्वशी (b) हुँकार

(c) रेणुका (d) कुरूक्षेत्र

**(viii) 'वह जन्मभूमि मेरी' कविता में 'अमराइयाँ' शब्द का क्या अर्थ है?** **[1]**

(a) आम का पौधा (b) आम के बगीचे

(c) आम की गुठलियाँ (d) अंगड़ाइयाँ

**(ix) हमारे देश में पहाड़ियों से गिरते झरने किस बात का प्रतीक हैं?** **[1]**

(a) नदियों का

(b) चलते रहने का

(c) प्राकृतिक सौन्दर्य का

(d) गिरते रहने का

**(x) त्रिवेणी में किन-किन नदियों का संगम होता है?** **[1]**

(a) गंगा, यमुना और सतलुज

(b) गंगा, यमुना और गोदावरी

(c) गंगा, यमुना और सरस्वती

(d) गंगा, यमुना और झेलम

**उत्तर (i)** विकल्प **(a)** सही है।

**(ii)** विकल्प **(a)** सही है।

**(iii)** विकल्प **(a)** सही है।

**(iv)** विकल्प **(a)** सही है।

**व्याख्या—** कविराय के अनुसार नि:स्वार्थ भाव से प्यार करने वाले लोग संसार में बड़ी आसानी से नहीं मिलते हैं।

**(v)** विकल्प **(b)** सही है।

**व्याख्या—** स्वर्ग बना सकते हैं कविता दिनकर जी द्वारा रचित है।

**(vi)** विकल्प **(b)** सही है।

**(vii)** विकल्प **(a)** सही है।

**(viii)** विकल्प **(b)** सही है।

**(ix)** विकल्प **(c)** सही है।

**(x)** विकल्प **(c)** सही है।

**नया रास्ता (उपन्यास)**

**5. (i) 'नया रास्ता' नामक उपन्यास में सेठ धनीमल की पुत्री से रिश्ता करने के लिए सबसे अधिक उतावलापन कौन दिखा रहा था?** **[1]**

(a) अमित की माँ

(b) अमित के पिता

(c) अमित की मौसी

(d) अमित की बहन

**(ii) 'नया रास्ता' नामक उपन्यास की मुख्य पात्र 'मीनू' बचपन से ही क्या बनना चाहती थी?** **[1]**

(a) इंजीनियर (b) चिकित्सक

(c) वकील (d) लेखिका

**(iii) 'नया रास्ता' नामक उपन्यास में सरिता को देखने जाने वाले लोगों में निम्नलिखित में से कौन नहीं था?** **[1]**

(a) मायाराम जी (b) अमित

(c) अमित की माँ (d) नीलिमा

**(iv) धनीमल जी अपने साथ किस फल की पेटी लेकर अमित के घर आए?** **[1]**

(a) आम (b) कश्मीरी सेब

(c) अंगूर (d) संतरा

**(v) सेठ धनीमल अपनी पुत्री को शादी में क्या देना चाहते थे?** **[1]**

(a) तीन लाख का एक फ्लैट

(b) तीन लाख की एक गाड़ी

(c) तीन लाख का ज़ेवर

(d) तीन लाख नकद

**(vi) 'नया रास्ता' नामक उपन्यास के पात्र मायाराम जी कहाँ के निवासी हैं?** **[1]**

(a) मीरजापुर (b) मेरठ

(c) हरियाणा (d) दिल्ली

**(vii) 'नया रास्ता' नामक उपन्यास में मायाराम जी की पत्नी को क्या युक्ति सूझी?** **[1]**

(a) अमित का विवाह मीनू से करवाने की

(b) अमित का विवाह नीलिमा से करवाने की

(c) अमित का विवाह आशा से करवाने की

(d) अमित का विवाह न करवाने की

**(viii) ............... की बातों में मीनू के प्रति विशेष स्नेह दिख रहा था किन्तु मीनू ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दिखाई। रिक्त स्थान के लिए निम्नलिखित में से उचित विकल्प चुनें:** **[1]**

(a) अमित (b) अशोक

(c) नीलिमा (d) मायाराम

**(ix) 'नया रास्ता' नामक उपन्यास के पात्र अमित की बहन का नाम क्या है?** **[1]**

(a) नीलिमा (b) मधु

(c) सरिता (d) आशा

**(x) 'नया रास्ता' नामक उपन्यास समाज में फैली किस समस्या पर आधारित है?** **[1]**

(a) विधवा-विवाह की समस्या

(b) अनमेल विवाह की समस्या

(c) दहेज प्रथा की समस्या

(d) अशिक्षा की समस्या

**उत्तर (i)** विकल्प **(a)** सही है।

**व्याख्या—** 5 लाख रुपये के लालच में अमित की माँ धनीमल की पुत्री से रिश्ता करने के लिए अधिक उतावलापन दिखा रही थी।

(ii) विकल्प (c) सही है।

(iii) विकल्प (d) सही है।

(iv) विकल्प (b) सही है।

**व्याख्या—** अपनी बेटी का रिश्ता तय करने के इरादे से धनीमल जी कश्मीरी सेब की पेटी लेकर अमित के घर आए।

(v) विकल्प (a) सही है।

**व्याख्या—** धनीमल जी अपनी बेटी को शादी में 3 लाख का एक फ्लैट देना चाहते थे ताकि वह अपने पति के साथ अलग रहकर खुशहाल जीवन व्यतीत कर सके।

(vi) विकल्प (b) सही है।

(vii) विकल्प (c) सही है।

**व्याख्या—** 5 लाख के लालच में अमित की माँ अपने बेटे की शादी धनीमल की पुत्री से करवाना चाहती थी और मीनू के रिश्ते से पीछा छुड़ाने हेतु उन्होंने अमित की शादी का प्रस्ताव मीनू की छोटी बहन आशा के साथ रखा।

(viii) विकल्प (a) सही है।

**व्याख्या—** नीलिमा का भाई अशोक मीनू से मन ही मन प्रेम करता था किंतु मीनू को इस बात से कोई विशेष अंतर न पड़ता था, जिससे वह कोई प्रतिक्रिया नहीं देती थी।

(ix) विकल्प (b) सही है।

(x) विकल्प (c) सही है।

**एकांकी संचय (नाटक)**

6. (i) **'संस्कार और भावना' नामक एकांकी किस समस्या पर आधारित है?** [1]

(a) दहेज-प्रथा पर
(b) बाल विवाह पर
(c) अंतर्जातीय विवाह पर
(d) घरेलू हिंसा पर

(ii) **'संस्कार और भावना' नामक एकांकी में माँ को किसके घर से और किसके द्वारा बड़े पुत्र की बीमारी का पता चला?** [1]

(a) स्वयं के घर में अतुल द्वारा
(b) कुमार के घर में मिसरानी द्वारा
(c) स्वयं के घर में उमा द्वारा
(d) मिश्रा जी के घर में मिसरानी द्वारा

(iii) **'संस्कार और भावना' नामक एकांकी में अविनाश ने 'संतान का लालन-पालन करना' कौन-सा कर्त्तव्य बताया है?** [1]

(a) सामाजिक कर्त्तव्य
(b) मौलिक कर्त्तव्य
(c) पारिवारिक कर्त्तव्य
(d) नैतिक कर्त्तव्य

(iv) **'बहू की विदा' नामक एकांकी में राजेश्वरी को ऐसा क्यों लगा कि प्रमोद झूठ बोल रहा है?** [1]

(a) प्रमोद के हाव-भाव से
(b) अपने पति के स्वभाव की जानकारी होने से
(c) भाई-बहन की बात से
(d) कमला के बोलने से

(v) **'बहू की विदा' नामक एकांकी में जीवनलाल के दुःख का कारण क्या था?** [1]

(a) बेटे की ससुराल के ताने सुनना
(b) बेटे की ससुराल से दहेज कम मिलना
(c) बेटे की ससुराल से बहुत सारे रिश्तेदारों का आना
(d) बेटे-बहू द्वारा उनका (जीवनलाल) कहना न मानना

(vi) **'अगर हर बेटे वाला यह याद रखे कि वह बेटी वाला भी है तो सब उलझनें सुलझ जाएँ' कथन के वक्ता और श्रोता कौन हैं?** [1]

(a) जीवनलाल (वक्ता) और राजेश्वरी (श्रोता)
(b) राजेश्वरी (वक्ता) और जीवनलाल (श्रोता)
(c) प्रमोद (वक्ता) और कमला (श्रोता)
(d) रमेश (वक्ता) और गौरी (श्रोता)

(vii) **'मातृभूमि का मान' नामक एकांकी किस प्रकार की रचना है?** [1]

(a) ऐतिहासिक (b) पारिवारिक
(c) पौराणिक (d) हास्य-व्यंग्य प्रधान

(viii) **'मातृभूमि का मान' नामक एकांकी में राव हेमू कहाँ का शासक था?** [1]

(a) मेवाड़ (b) माल्वा
(c) बूँदी (d) चित्तौड़

(ix) **महाराणा लाखा और राव हेमू के बीच युद्ध किस मैदान में हुआ था?** [1]

(a) हल्दीघाटी (b) नीमरा
(c) कुरूक्षेत्र d) पानीपत

(x) **'अपमान की वेदना में जो विवेकहीन प्रतिज्ञा कर डाली थी, उससे तो छुटकारा मिल ही जाएगा'-**
महाराणा की इस प्रतिज्ञा को पूरी करवाने के लिए क्या प्रबंध किया गया था? [1]

(a) बूँदी के राजा की मूर्ति तैयारी करवाई गई
(b) बूँदी के सेनापति की मूर्ति तैयार करवाई गई
(c) बूँदी का नकली दुर्ग तैयार करवाया गया
(d) बूँदी का नकली मंदिर तैयार करवाया गया

**उत्तर** (i) विकल्प (c) सही है।

(ii) विकल्प (b) सही है।

(iii) विकल्प (d) सही है।

**व्याख्या—** 'संस्कार और भावना' नामक एकांकी में अविनाश ने संतान का लालन-पालन करना माता-पिता का नैतिक कर्त्तव्य बताया है।

**(iv)** विकल्प **(b)** सही है।

**व्याख्या—** राजेश्वरी अपने पति के स्वभाव से अवगत थी इसलिए उसने भाँप लिया था कि प्रमोद झूठ बोल रहा है।

**(v)** विकल्प **(b)** सही है।

**व्याख्या—** बेटे की ससुराल से पूर्ण दहेज न मिलने के कारण जीवनलाल जी दु:खी रहते हैं जिसके कारण वह बहू की विदा के लिए भी इंकार कर देते हैं।

**(vi)** विकल्प **(b)** सही है।

**(vii)** विकल्प **(a)** सही है।

**(viii)** विकल्प **(c)** सही है।

**(ix)** विकल्प **(b)** सही है।

**(x)** विकल्प **(c)** सही है।

❑❑❑